## भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023

हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर), 2023 जारी की।

**प्रमुख बिंदु-**

- आईएसएफआर को भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) द्वारा **1987** से द्विवार्षिक आधार पर जारी किया जाता है।
- भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 इस श्रृंखला की **18वीं रिपोर्ट** है।

**रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष:**

- कुल वन और वृक्ष क्षेत्र 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है।
    - वन क्षेत्र लगभग 7,15,343 वर्ग किलोमीटर (21.76%) है
    - जबकि वृक्ष क्षेत्र 1,12,014 वर्ग किलोमीटर (3.41%) है।
- 2021 की तुलना में देश के वन एवं वृक्ष आवरण में **1445 वर्ग किमी की वृद्धि** हुई है जिसमें वन आवरण में 156 वर्ग किमी तथा वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किमी की वृद्धि शामिल है।
- वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य - **छत्तीसगढ़ (684 वर्ग किमी) ,उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किमी), ओडिशा (559 वर्ग किमी) और राजस्थान (394 वर्ग किमी)**
- वन आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष तीन राज्य - **मिजोरम (242 वर्ग किमी), गुजरात (180 वर्ग किमी) और ओडिशा (152 वर्ग किमी) ।**
- क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन और वृक्ष आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य - **मध्य प्रदेश (85,724 वर्ग किमी),अरुणाचल प्रदेश (67,083 वर्ग किमी) और महाराष्ट्र (65,383 वर्ग किमी)।**
- क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य - **मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग किमी) हैं, अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किमी) और छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग किमी)**।
- कुल भौगोलिक क्षेत्र के संबंध में वन आवरण के प्रतिशत के संदर्भ में, **लक्षद्वीप (91.33 प्रतिशत) में सबसे अधिक वन आवरण** है, उसके बाद मिजोरम (85.34 प्रतिशत) और अंडमान और निकोबार द्वीप (81.62 प्रतिशत) हैं।
- 19 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में **33 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र** वन आवरण के अंतर्गत है।
    - इनमें से आठ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों अर्थात् मिजोरम, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में 75 प्रतिशत से अधिक वन आवरण है।
- देश में कुल **मैंग्रोव आवरण 4,992 वर्ग** किमी है।
- बांस वाले क्षेत्र का विस्तार 1,54,670 वर्ग किलोमीटर होने का अनुमान लगाया गया है।

## भारत का पहला बायो-बिटुमेन-आधारित राष्ट्रीय राजमार्ग खंड

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने **महाराष्ट्र के नागपुर के मानसर में NH-44** पर भारत के पहले बायो-बिटुमेन-आधारित राष्ट्रीय राजमार्ग खंड का उद्घाटन किया।

**प्रमुख बिंदु-**

- **विकसित:** इसे सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और ओरिएंटल के सहयोग से प्राज इंडस्ट्रीज द्वारा लिग्निन-आधारित बायो-बिटुमेन तकनीक का उपयोग करके विकसित किया गया है।
- **महत्व:** लिग्निन का उपयोग लचीली फुटपाथ तकनीक में एक महत्वपूर्ण सफलता को दर्शाता है, जो **बिटुमेन की कमी** की चुनौती को संबोधित करता है और आयात पर भारत की निर्भरता को कम करता है, जो वर्तमान में कुल आपूर्ति का 50 प्रतिशत है।
- यह नवाचार जैव-रिफाइनरियों के लिए राजस्व उत्पन्न करके, पराली जलाने को कम करके और जीवाश्म-आधारित बिटुमेन की तुलना में **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम से कम 70 प्रतिशत तक कम** करेगा।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

## सूरत और नीलगिरि युद्धपोत

देश की आत्मनिर्भरता में एक मील का पत्थर स्थापित करते हुए दो युद्धपोत, **डिस्ट्रॉयर (सूरत) और फ्रिगेट (नीलगिरि)** भारतीय नौसेना को सौंपे गए।

प्रमुख बिंदु-

- **विकसित:** जहाजों का डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो और निर्माण मेसर्स एमडीएल द्वारा स्वदेशी रूप से किया गया है।
- यह भारत सरकार और भारतीय नौसेना द्वारा आत्मनिर्भरता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर दिए गए जोर के अनुरूप ही है।
- **यार्ड 12707** (सूरत) प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम पोत है।
  - यार्ड 12707 (सूरत) 7,400 टन भार विस्थापित करने वाला और 164 मीटर की कुल लंबाई का युद्धपोत है।
  - यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज-रोधी मिसाइलों तथा टॉरपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है।
- **यार्ड 12651** (नीलगिरि) प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जहाज है।

## कोपरा एमएसपी

आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने 2025 मौसम हेतु कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए अनुमोदन प्रदान किया है।

प्रमुख बिंदु-

- सरकार ने **2018-19 के केंद्रीय बजट** में घोषणा की थी कि सभी अधिदेशित फसलों के एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर निर्धारित किया जाएगा।
- सरकार ने 2025 विपणन मौसम हेतु उचित औसत गुणवत्ता के **मिलिंग कोपरा की एमएसपी को ₹ 11582/- प्रति क्विंटल** और **बॉल कोपरा के लिए ₹ 12100/- प्रति क्विंटल** निर्धारित किया गया है।
- उच्च एमएसपी से नारियल उत्पादकों को बेहतर पारिश्रमिक प्राप्त करने तथा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## पुरस्कार/ उपाधि

### ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के **अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह** ने उन्हें कुवैत के सर्वोच्च सम्मान "ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर" से भी सम्मानित किया।
- प्रधानमंत्री मोदी कुवैत में **26वें अरेबियन गल्फ कप** के उद्घाटन समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में शामिल हुए थे।
- ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है।
- यह किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया **20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान** है।
- यह 43 वर्षों में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी।
- कुवैत की यात्रा करने वाली आखिरी भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं, जिन्होंने 1981 में यह यात्रा की थी।

## चर्चित- व्यक्तित्व

### मदन बी लोकुर



- सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मदन बी लोकुर को **संयुक्त राष्ट्र आंतरिक न्याय परिषद का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।
- आंतरिक न्याय परिषद में महासचिव द्वारा नियुक्त **पाँच सदस्य** होते हैं। सूची में अन्य चार सदस्य कारमेन आर्टिगास (उरुग्वे), रोज़ली बाल्किन (ऑस्ट्रेलिया), स्टीफन ब्रेज़िना (ऑस्ट्रिया) और जे पॉज़ेनल (संयुक्त राज्य अमेरिका) हैं।

### सलमान खान

- बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को पहले खो-खो विश्व कप का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।
- खो-खो विश्व कप 13 जनवरी से 19 जनवरी, 2025 के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।




## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

### 22 दिसंबर

### राष्ट्रीय गणित दिवस

- भारत में 22 दिसंबर को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।




- इस दिन को भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास **रामानुजन की जयंती** के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इस दिन की शुरुआत **वर्ष 2012** में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा की गई थी
- **श्रीनिवास रामानुजन के बारे में:**
- श्रीनिवास रामानुजन का जन्म **22 दिसंबर 1887** को तमिलनाडु के इरोड में हुआ था।
- रामानुजन को गणित में उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए याद किया जाता है।
- उन्होंने लगभग **3900 परिणामों (Equations and Identities) का संकलन** किया था। एवं उन्होंने पाई के लिए अनंत श्रृंखला का सूत्र खोजा था।
- उनकी मृत्यु 26 अप्रैल, 1920 को मात्र 32 वर्ष की उम्र में हो गयी थी।

### 23 दिसंबर

### राष्ट्रीय किसान दिवस

- भारत में राष्ट्रीय किसान दिवस, जिसे किसान दिवस के नाम से भी जाना जाता है, हर साल 23 दिसंबर को **भारत के 5वें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह** की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।




- चौधरी चरण सिंह ने **1979 से 1980** तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। कृषक समुदाय के प्रति अपने मजबूत समर्थन के लिए प्रसिद्ध, उन्होंने कृषि विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रमुख नीतियां पेश कीं थी।
- उन्हें वर्ष 2024 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **भारत रत्न** से सम्मानित किया गया है।
- इस वर्ष किसान दिवस का विषय **"समृद्ध राष्ट्र के लिए अन्नदाताओं का सशक्तिकरण"** है।

## खेल

- **पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025**
- भारत पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा।
- इसका आयोजन **दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम** में किया जाएगा।
- इस मेगा इवेंट में दुनिया भर के 100 से अधिक पैरा एथलीट भाग लेंगे।
- यह पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप का **12वां संस्करण** है।
- भारत पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला **एशिया का चौथा देश** होगा। भारत से पहले कतर, यूएई और जापान पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुके हैं।
- **आईआईएसएफ़ जूनियर विश्व कप 2025**
- नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) की घोषणा अनुसार भारत आईआईएसएफ़ जूनियर विश्व कप 2025 की मेज़बानी करेगा।
- अगले साल होने वाले ISSF जूनियर विश्व कप में तीनों ही विधाओं - **राइफल, पिस्टल और शॉटगन** में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### तेलंगाना

- तेलंगाना सरकार ने **तेलंगाना भू भारती (अधिकारों का अभिलेख) अधिनियम,** 2024 पेश किया है, ताकि पिछली बीआरएस सरकार द्वारा अधिनियमित तेलंगाना भूमि अधिकार और पट्टादार पासबुक अधिनियम, 2020 में खामियों को दूर किया जा सके और परेशानी मुक्त भूमि लेनदेन सुनिश्चित किया जा सके।

## विविध

- भारतीय सेना ने **लद्दाखी चरवाहे ताशी नामग्याल** को श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया। नामग्याल ने **1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी घुसपैठ** के बारे में सेना को सचेत करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे भारतीय सेना को तुरंत जवाबी कार्रवाई करने में मदद मिली थी।

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH